**Need to provide benefits of ?SVAMITVA? scheme and ?PM UDAY? scheme to residents of villages in Delhi.-laid**

श्री योगेन्द्र चांदोलिया **(**उत्तर**-**पश्चिम दिल्ली**) :** मैं दिल्ली के 320 ग्रामीण गांवों के निवासियों से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं । दिल्ली के 320 ग्रामीण गांवों के निवासियों को ?स्वामित्व? (SVAMITVA) योजना और पीएम उदय (PM UDAY) योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जिससे उन्हें काफ़ी परेशानी हो रही है । इस कारण, वे ऋण और अन्य आवश्यक सुविधाओं से वंचित हैं जबकि इन 320 ग्रामीण गांवों के अलावा बाकी दिल्ली में दोनों योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है । मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इन 320 ग्रामीण गांवों के निवासियों को दोनों योजना पीएम स्वामित्व (PM SVAMITVA) और पीएम उदय (PM UDAY) योजना का लाभ हर ग्राम निवासियों को तत्काल दिया जाना चाहिए ।